रचनाकार ''मंगल' रचनाकाल – 26 जनवरी, 2001
कवि सम्मेलन मुशायरा

शैर :– प्राण निकलेंगे जब भी, आत्म स्वर गूंजेगा यही ।
मुझ को भारत की धूल चाहिये, बैकुण्ठ नहीं ।।

कविता :– शीर्षक –– यदि सुख से जीवित रहना है ।

1. वैमनस्य विष त्याग, प्रेम रस नयनों तक भर के पीना है । यदि सुख से :
जिसने अपनी गोद में लेकर, अनुपम प्यार दुलार दिया है ।
जिसने ममता का आंचल, मलमूत्र लपेट संवॉर लिया है ।
हमने सदां ठोकरें मारी, सौतेला व्यवहार किया है ।
तो भी मेवे, कन्द मूल फल, फूलों का उपहार दिया है ।
उस माँ के चरणों की रज पर, न्यौछावर होते रहना है । – यदि सुख से :

2. पालन–पोषण करने वाली, की रक्षा दायित्व हमारा ।
बुरी नज़र से ताकने वाले, को देना अन्जाम करारा ।
हर दिन खड़ा कसौटी लेकर, खोट खरी पहचान भुनाना ।
अन्तिम क्षण तक उपकार चुकाना, जननी का मत दूध लजाना ।
अपने पुरखों की जन्म भूमि को, अपनी ही सदैव कहना है । यदि सुख से :

3. कोई चुनाव में स्वर्ग दिखा कर, जनता से धोखा करता है ।
कोई ब्लेक घूस, घोटाले, लूट–लूट कर घर भरता है ।
कोई प्रेयसि प्रेम पाश में बंधा इश्क का दम भरता है ।
कोई अशान्त, हत्या, बलात्–कर, जैल को अपना घर करता है ।
(किन्तु) शांति उसी सच्चे सपूत की, देशप्रेम जिसका गहना है ।
वरना जीवन भर दहना है । यदि सुख से जीवित रहना है ।

4. विश्व मान्य सबसे विशाल, यह लोकतन्त्र है देव लोक सा ।
एटमी शक्ति और स्नेह परस्पर, बिना मूल्य के प्रेम, थोक सा ।
बाहरी शक्तियां दुखित चकित, वे मना रहे संताप शोक सा ।
रे–मित्र पहल ठुकराई यदि तो, मौत खड़ी ले अतुल तोक सा ।
(अरे) मिला दान उपकार मान, सन्तोष की नाव सदा खहना है । यदि सुख से जीवित रहना है ।
वैमनस्य विष त्याग, प्रेम रस नयनों तक भर के पीना है । यदि सुख से :

तोक – पुराने जमाने में सजा में गले में लटकाने वाला वज़न

रचनाकार ''स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती'
रचनाकाल – 20 सितम्बर, 1992
सार्वदेशिक साप्ताहिक पत्रिका

कविता :– शीर्षक –– धूल व्यसनों की जो झाड़ों तो कोई बात बने ।
अविध्या दूर लताड़ो तो कोई बात बने ।

1. वृक्ष पाखण्ड का दिन–दिन पनपता जा रहा है ।
मूल से उसको उखाड़ों तो कोई बात बने ।

2. हर कोई बैठा है भगवान यहां पे बन कर ।
इनकी करतूतें उघाड़ों तो कोई बात बने ।

3. अकड़ कर घूमते हैं भक्त बन के देश द्रोही ।
पजम्मा इनका जो फाड़ों तो कोई बात बने ।

4. यहां बरसाती मैंढ़क ज़ोर से चिल्लाते है ।
शेर सम आप दहाड़ों तो कोई बात बने ।

5. अनेक मिथ्यावादी, आगे बढ़ते जाते है ।
पकड़ कर पांव पछाड़ों तो कोई बात बने ।

6. बगुला भक्तों ने गुरूड़म का जाल फेलाया ।
बाग़ तुम इनका उजाड़ों तो काई बात बने ।

7. विश्व कल्याण के साधन सभी मिल कर संजायें ।
पताका औम की गाड़ी तो कोई बात बने ।

8. ईर्ष्या द्वेष और अभिमान त्याग कर राघव ।
संगठन को न बिगाड़ों तो कोई बात बने ।

महर्षि दयानन्द के प्रति ''महिमा महान है'' रचनाकर अन्य की''

1. शिव के शिवालय की टंकारा महालय की, उपदेश विद्यालय की, महिमा है ।
2. लक्ष्मण के भ्रात की, भादौं की रात की, बोध शिव रात की, महिमा महान है ।
3. नन्द के गोपाल की, सुमित्रा के लाल की, मूल शंकर बाल की, महिमा महान है ।
4. पवन सुत हनमन्त की, ऋतुओं में बसन्त की, दयानन्द सन्त की, महिमा महान है ।
5. पाखण्ड हारी की, सच्चे शिव पुजारी की, मूल व्रत धारी की महिमा महान है ।
6. गंगा के नीर की, भोजन में खीर की, दयानन्द फक़ीर की, महिमा महान है ।
7. सुबह के वक्त की शरीर में रक्त की, मूल शिव भक्त की, महिमा महान है ।
8. शत्रुहन की मात की, स्वस्थ सुन्दर गात की, टंकारा गुजरात की, महिमा महान है ।
9. चन्दन के बाग़ की, मारवाड़ी पाग की, दयानन्द वीतराग की, महिमा महान है ।
10. तारों में चन्द की, कविता में छन्द की, स्वामी दयानन्द की, महिमा महान है ।

.....

अग्रसेन जी के प्रति गीत

रचनाकार : ''मंगल''
रचनाकाल : सन 1979

अंग्रेजी तुमने वैदिक धर्म की, सरिता बहाई है ।
उठाया कष्ट भारत देश हित, ज्योति जगाई है ।।

1. महीधर का दुलारा, देश के जन–जन का प्यारा था ।
आर्य जन का सहारा, राज्य अग्रोहा सवांरा था, वहीं पूर्वज हमारा था
उसी सम्राट की प्यारी, सवारी आज आई है । अग्रजी तुमने ....

2. अठारह वीर सेनापति, उसी गणराज्य स्वामी के ।
अठारह गोत्र निर्माता और जनतंत्र हामी के ।।
तपस्वी अग्रगामी के ।
चरणपूजा में उसकी हमने यह गरदन झुकाई है । अग्रजी तुमने ...

3. तुम्हारी वंदना गाऊं कहां, वह ज्ञान है मेरा ।
तुम्हारी ज्योति को देखूं न ऐसा ध्यान है मेरा ।।
यह नीरस गान है मेरा ।।
दया लो द्वार तेरे वश ने टोली सजाई है ।
कृपा कर आज तेरे अंश ने झोली बिछाई है ।
अग्रजी तुमने वैदिक धर्म की सरिता बहाई है ।
(पावन वंश)

ooo

अग्रसेन जी महाराज की महिमा गान ''ध्वनि तेरे कूचे में''

रचनाकार : ''मंगल''
रचनाकाल : सन् 1979

सन्देशा स्वर्ग का धरती पे लेकर आने वाले हो ।
अग्रवंशों में सुख समृद्धि के सरसाने वाले हो ।

1. तुम्ही ने सत्य का सिद्धान्त जीवन में उतारा था ।
अहिंसा नीति पर चलना तुम्हें प्राणों से प्यारा था ।।
वीरता प्रण तुम्हारा था ।
देश में भाईचारे की सुधा बरसाने वाले हो । सन्देशा स्वर्ग ...

2. तुम्हारे वंश को अब प्यार और सौहार्द में रंग दो ।
हमारे मन को सेवा, त्याग शक्ति, शौर्य से भर दो ।
देश सेवा का यह वर दो ।
देव, कब फिर से इस ध्वजराज को फहराने वाले हो । सन्देशा स्वर्ग ...

3. तुम्हारे ज्ञान जल की बून्द, जीवन दान दे देगी,
तुम्हारे वीर पथ की धूल सच्चा मार्ग कह देगी ।
दर्श नैनों को ओ! रणधीर, कब दिखाने वाले हो । सन्देशा स्वर्ग ...

ooo

तब कविता खुद बन जाती है ।

रचनाकार : ''मंगल''
रचनाकाल : 11.6.1994

मीना बाजार के माध्यम से अगणित सतीत्व लुटवाता है ।
निर्भीक गंग कवि को गयंद पावों से जो चिरवाता है ।
जो गो रक्षक कवि नर हरि को, आजीवन जैल भुगाता है ।
जो पुण्य भूमि की मर्यादा से निज वासना बुझाता है ।
(मीना बाजार के द्वारा)
(अजी) जब घांस की रोटी से वंचित, भूखा बालक सो जाता है ।
(अब) निरपेक्ष धर्म की आड़ में, धारा वाहिक विष बरसाती है ।
(अरे) उस महान मेवाड़ी को तज, ठग को महान बतलाती है, तब कविता ...

2. शासन आसन के ललाट में, बाहरी छाप ठुक जाती है ।
या नव पीढ़ी आगे बढ़ कर, अपना पुंसत्व कटाती है ।
आतंक वाद सम्मुख झुक–झुक, जब लोक तन्त्र घिघियाती है ।
जब देव वंश की सुता, आज गंड़ा ताबीज भराती है ।
जब धर्म प्रचारक द्वारा, सच्ची राह नहीं मिल पाती है ।
और भ्रमित बाल, जब गुण्ड़ों को राखियां बांधती जाती है ।
उन एशिर्याड क्रीड़ाओं में आतिथ्य की घड़ियां आने पर
(अरे) गोपाल की पुण्य धरा पर जब गोमांस परोसी जाती है । तब कविता ...

3. अक्षर विहीन मानव समूह, लख कवि की कलम नही जब चलती ।
दिन रात प्रेमिका अधरामृत कवताएं पीकर जब हैं पलती ।
शिक्षा विहीन के रक्त से नेता के गढ़ जब फानूसें जलती ।
जब बाल्मीक, तुलसी, मीरा, आत्माएं रोती और मचलती ।
(अरे) जब वेद ज्ञान की ज्ञान धरा पर महिला अंगूठा चिपकाती है ।
मेरी गर्दन झुक जाती है । तब कविता खुद बन जाती है ।

ooo

वृक्ष की दीन पुकार
(अतुकान्त)

रचनाकार : ''मंगल''
रचनाकाल : 10.6.1994

रुक जा, मत मार मेरी छाती में कुल्हाड़ी, रोयेगा, मैंने, नहीं,
मैंने ही नहीं – मेरे पूर्वजों के परिवारों ने, करोड़ों वंशजों ने,
हाय तुझ निर्मोही को साथी बनाया । मीत बनाया ।

1. युगों–युगों से तुझको, छाया दी, वर्षा झेली, पानी दिया,
प्रण वायु और हरियाली दी, फल, पत्ते, फूल, मेवे, और
औषधियाँ दी और अन्न दे–दे कर–
तेरे प्राणों को बचाया, गोद में बिठाया, हिंडोलियां दी और
लोरियां गा–गा कर सुलाया । निर्मोही तुझको साथी बनाया ।।

2. परन्तु ओ कृतघ्न, ओ नुगरे, ओ अहसान फरामोश, तूने मुझे
काटा, चबाया, चगदे किये, मेरी खाल उधेड़ी, और टुकड़े–टुकड़े
किये, तड़पाया, उबाला, सुखाया, जलाया, और अनेकों भांति तेरी विलासिताओं के
महलों को सजाया ।
यहीं नहीं, वहां भी हर डगर–डगर, नगरी और नगर से
मेरा ओर मेरी जाति वालों का तूने कर दिया सफाया ।
किन्तु हाय तुझ निर्मोही को मैंनं साथी बनाया ।

3. तुझे याद है ! याद कर, जन्म के पश्चात पलना बन कर गोद में किसने झुलाया ?
याद है !
तेरी दुल्हिन के सामने अपनी पीठ पर किसने बिठाया ?
अरे ! और तो और तेरे जीवन के तीसरे और चौथे पड़ावों में
सहारा दे दे कर किसने चलाया ? बल्कि
अन्तिम यात्रा में चार–आठ कन्धों के सहारों पर तुझे लेटा कर बड़े,
आराम से अन्तिम मंज़िल पर पहुंचाया और अपने टुकड़ें करवा कर
उनकी सीढ़ियों से तुझे शांति का संदेश मैंने ही सुनाया ।
परन्तु मैंने भूल की जो तुझ निर्मोही को साथी बनाया ।

4. परन्तु सुन ! श्रवण कुमार के घातक की भांति, प्यासे चातक
की तरह, तुझको नहीं मिलेगी एक बूंद भी स्वांति,
वे तो झेल गये अभिषाप । परन्तु तू नहीं सह सकेगा
मेरा परिताप, औ, मेरे वंश के हत्यारे, तू
अब रोयेगा, आंखों को रक्त से भिगोयेगा ।
मैं अब नहीं दूंगा प्राण वायु ! अरे ! अब कौन रोकेगा बाढ़,
कौन देगा तुझे फल, पुष्प और झाड़, अब मिलेगी तेरे ही
मन से तुझे धिक्कार और लताड़ ।
पहले भी मैने कितनी ही बार पक्षियों की वाणी द्वारा,
तुझे समझाया, रोया, चिल्लाया, गिड़–गिड़ाया फिर भी

मैंने भूल की और अपना वरद् हस्त तेरे सिर से नहीं हटाया,
परन्तु तेरे समझ में कुछ नहीं आया तो भी मैंने हाय
निर्मोही तुझीको साथी बनाया ।

5. अब भी समय है, केवल काग़जों के आंकड़ों में नहीं मेरे
नव–नव शिशुओं को पानी और भोजन दे–दे कर मानवता को
पशुओं और पक्षियों को बचा सकता है ।
शत्रुता न कर, मेरा आशीर्वाद पा सकता है ।
आज अन्तिम बार मैंने तुझे मेरा अपार दुखड़ा यूं सुनाया,
और यह सन्देश तुझ को अशान्त कवि की लेखनी द्वारा,
मरते–मरते भी तुझ तक पहुचाया ।
परन्तु हाय ! मैंने भूल की जो अब तक तुझ निर्मोही को साथी बनाया ।

ooo

साक्षरता अभियान कवि सम्मेलन (सूचना तुरन्त तैयार रचना)

रचनाकार : ''मंगल''
रचनाकाल : 10.81994

कवित– शिक्षित समाज बीच निरक्षर जब बैठता है,
तो जैसे सोने के सिक्कों में खोटा या जस्ता है ।।
समाज में, देश में, राष्ट्र बाज़ारों में ।
अनपढ़ की मनों, दशा कुछ घटिया और ख़स्ता है ।
माता–पिता को कोसता है, भाग्य को कचोटता है ।
शिक्षा बिना संकटों के कीचड़ में गंचता है ।
पेन्ट, सूट, टाई, धोती, सलवार से चाहे हीरो लगे ।
किन्तु शिक्षाहीन व्यक्ति तो काग़ज (का) गुल दस्ता है ।

ooo

अब स्वप्न त्याग सोने वाले ।

(शाहबाद –– में अग्रसेन जयन्ती पर)

प्रेरणा – अग्रवाल समाज को चुनौती ।

रचनाकार : ''मंगल''

रचनाकाल : सन 1961

अब स्वप्न त्याग सोने वाले ।
जगती जागी तू सोया है, उठ जाग याद कर उस युग की ।
प्रणवीर प्रतापी अग्रसेन के जगत प्रसिद्ध मनोबल की ।
जिसके पूर्वज की वीर भुजायें, परशुराम से टकराईं ।
वह आज सो रहा कायर बन, इतिहास अमर करने वाले । अब स्वप्न ...

संसार प्रगति कर रहा नित्य, तेरा समाज पिछड़ा जाता ।
कायरता होड़ लगा बैठी, तू शैया पर ही मद माता ।
भटकों को राह लगाती थी, वह तेरी अग्रिम बुद्धि कहां ।
दीपक तल होता अन्धकार, चरितार्थ कहावत हुई यहां ।
रे युवक समाज सुधारक का, कल्याणी बीड़ा अपना ले । अब स्वप्न ...

लाखों विधवायें सिसक रहीं, अनुचित नियमों में बंधी आज ।
शिक्षा विहीन बच्चों की संख्या से परिपूरित है समाज ।
बरबाद हो रहे अनुचित अवसर कर–कर के नत भरे लाज ।
तू देख रहा यह सब अनर्थ, मुख पर पर्दा अपने ड़ाले । अब स्वप्न ...

जिन दूषित भावों के कारण, निज भूमि रहीं युग तक चेरी ।
अंग्रेजी राज्य रहा जिससे, वह फूट नहीं जाती तेरी ।
जिस मनोवृत्ति के फलस्वरूप, खण्डित हो गई मातृ तेरी ।
वह सर्व नाशिनी द्वेष भावना, अब भी नहीं गई तेरी ।
कर बहिष्कार उस पतित फूट का, ओ भामाशाह के मतवाले । अब स्वप्न ...

तेरी रग–रग का रक्त आज क्या शक्ति विहीन बना पानी ।
पर सेवा कर न सकी तो फिर, है व्यर्थ जवानी मस्तानी ।
युग नायक अग्रसेन जी का नुसख़ा पी, बढ़जा सेनानी ।
तेरे चरणों को विजय स्वयं चूमेगी, ताकत अज़मा लें । अब स्वप्न ...

लक्ष्मियाँ बने लक्ष्मीबाई, अबला से सबला बन जायें ।
गुरू जन हो तेजस्वी, त्यागी, वें करें दान और हर्षायें ।
बालक भी वीर हकीकत सम, बली को त्यौहार समझ पावें ।
इतने सुधार कर मानव के सब पूर्ण कुशल हो गुण गावें ।
सामाजिक जीवन का कोना, कोना भर सुख से हर्षा ले
अब स्वप्न त्याग सोने वाले ।

रचनाकार श्री गोपाल कृष्ण गोयल
बृजराजपुरा कोटा ।

तुम को प्रणाम – शत–शत प्रणाम

1. हे अग्रवंश के अग्रदूत,
अभ्युदय दूत, भारत सपूत ।
हे महा पुरुष, हे जाति प्राण, तुमको प्रणाम शत–शत प्रणाम ।

2. हे अग्रवाल कुल तिलक भाल,

हे अग्र वंश के चिर मशाल, हे जाति उजागर पुण्य धाम, तुम को प्रणाम ।

3. हे अन्न दाता, हे प्रजा पाल,
हे महाराज बल्लभ के लाल, रक्षक पोषक सुख शांति धाम । तुम को प्रणाम ।

4. हे वंश प्रवर्तक अग्रसेन,
ओ पूज्य पिता मह अग्रसेन स्वीकार करो मेरा प्रणाम । तुमको प्रणाम ।
शत–शत प्रणाम

रचनाकार ''छाजूराम''

आदर्श नारी की पहचान ।

कविता–

प्रातः काल उठि के सास और ससुर के ।
छूती पैर, पति के वह शीश भी झुकाती है ।
चक्की पीस लेती और दूध भी बिलोती नित ।
घर को पवित्र राशि झाड़ू भी लगाती है ।
संध्या यज्ञ करती पुनि शास्त्रों को पढ़ती ।
शुभ कर्म करती, शुद्ध भोजन बनाती है ।
सिनेमा न जाती कभी, पति सेवा करती है ।
छाजूराम वह सदा सत्संग में जाती है ।

आर्य समाज सुधार

रचनाकार ''मंगल'' रचनाकाल सन् 1961

''ध्वजगायन''

अग्र वंश का प्रतीक प्यारा ।
झण्ड़ा ऊंचा रहे हमारा ।।

1. इस ध्वज की है शान निराली, सबका मान बढ़ाने वाली ।
शत्रु शीश का गर्व कुचल कर, यों, अभिमान मिटाने वाली ।
प्रतिभा पूर्ण सभी का प्यारा ।। अग्र वंश का प्रतीक प्यारा ।

2. नभ में इसकी कान्ति प्रकाशित दशों दिशाओं में ध्वनि गुंजित ।
इससे जगती सदा प्रभावित, भारत में युग–युग से पूजित ।
न्यौछावर है प्राण हमारा, अग्र वंश का प्रतीक प्यारा ।।

3. अग्रसेन सम्राट बड़े थे अन्यायों से खूब लड़े थे ।
सत्य धर्म पर रहे खड़े थे, त्याग मार्ग पर सदा बढ़े थे ।
शत्रु कहीं से जब उमड़े थे वे सब ध्वज के चरण पड़े थे ।
देहली में लहराने वाला अग्र वंश का प्रतीक प्यारा ।

4. आओं बान्धव मिल सब आवों, एक सूत्र में सब बंध जाओं ।
निर्धन को भी गले लगाओं आपस के मत भेद भुलाओं ।
केशरिया ध्वज को फहराओं, धरती से अम्बर ले धाओं ।
है महान यह पर्व हमारा अग्र वंश का प्रतीक प्यारा ।
झण्ड़ा ऊंचा रहे हमारा ।।

रचनाकार "अन्य की"
"अग्रवाल क्या है"

मैं अग्रवाल हूँ अग्रवाल, होने का मुझको स्वाभिमान ।
1. मेरी नस–नस में आर्य रक्त, मैं अग्रसेन का वंशज हूँ ।
मैं मानवता का दिव्य तेज, मैं वैश्य वर्ग का सूरज हूँ ।।
मैं हूँ भारत की एक शान । होने का मुझको स्वाभिमान :

2. मैं भारत मां का वरद पुत्र, मम हाथों में व्यापार तन्त्र ।
मैं हूँ स्वदेश की अर्थ रीढ़, मैं भारत का समृद्ध मंत्र ।
मैं हूँ समाज का कीर्तिमान, होने का मुझ को स्वाभिमान :

3. सच्ची मानवता के प्रतीक, श्री नन्द यशोदा वैश्य जाति ।
जिनके आंगन में गीता के गायक खेले थे भांति–भांति ।
है वही रक्त मुझ में महान । होने का मुझको स्वाभिमान :

4. मैं तुलाधार का वंशज हूँ, जांजलि तक को उपदेश दिया ।
मैं भामा शाह का वंशज हूँ, अर्पण जिसने सर्वस्व किया ।
जिनका चहुं दिशि है यशोगान । होने का मुझको स्वाभिमान :

5. हिन्दी युग, आदि प्रवर्तक वे, थे भारतेन्दु श्री हरिशचन्द्र ।
वाणी उदार प्रतिभाशाली उनके समक्ष सब विज्ञ मंद ।
वे अग्रवाल थे देश शान । होने का मुझको स्वाभिमान :

6. श्री जय दयाल जी, गोयन का, हनुमन प्रसाद जी पौद्वार ।
दी बहा भक्ति गंगा जिसने, हो गये सभी धर्मावतार ।
में वही खून हूँ प्राणवान । होने का मुझको स्वाभिमानः

7. मुझ में ऋषियों का महातेज, वीरों का है वीरत्व खरा ।
मैं दिव्य शक्ति, मैं दिव्य रूप, वेदोक्त ज्ञान भण्डार भरा ।
मैं राम, कृष्ण पद रज महान । होने का मुझ को स्वाभिमान :

8. मां लक्ष्मी का वरदान मुझे, मेरा सद्ज्ञान कर्म, परहित ।
है गर्म पवित्र खून मुझ में, पर दुख कातरता बहती नित ।
मैं ईश भक्त, मैं धर्म प्राण होने का मुझ को स्वाभिमान
मैं अग्रवाल हूँ अग्रवाल, होने का मुझ को स्वाभिमान ।

रचनाकार "मंगल" रचना काल सन् 1963–64
"अग्रसेन जी के प्रति"

शैर :– जिसने सारी जिन्दगी इस वंश के खातिर लुटा दी ।
उसकी पूजा में हम अपनी एकता ज्योति जला दें ।
कविता
अगर नृप अग्रसेन नहीं आता
कौन देश में अपने सिर पर शाही छत्र सजाता ।। काश नृपः

1. क्षात्र धर्म तज वैष्णव बन कर शासक का सब धर्म निभाया ।

वंश बढ़ा कर जाति बनाई, सारे समाज को पनपाया ।।
निर्धन जो आया समाज में, उसको अपने गले लगाया ।
ना होते हम ना तुम होते, कैसे अग्रवाल कहलाता ।। काश नृपः अग्रसेन

2. कोई केवल शासन करता बन–बन कोई भूखा फिरता ।
कोई छोटी सी कूटिया में श्रम कर जीवन यापन करता ।
कोई केवल मन्दिर मठ में संध्या पूजन में रत रहता ।
देश–देश व्यापार बढ़ा कर घर–घर कौन अन्न पहुंचाता ।। काश नृप अग्रसेनः

3. अग्र प्रवर्तक त्यागी, तपसी, तन–मन अर्पण करने वाले ।
कूद पड़ों तुम चन्द्र किरण से लाखों हम सब तेरे हवाले ।
तेरे बिना आज धरती पर किसी दीन को कौन सम्भाले ।
हम सब हो जायें निहाल यदि तू फिर आ जाये मुसकाता । काश नृप अग्रसेनः

4. ऐसा आशीर्वाद लुटाओं, हम सब को फिर एक बनाओं ।
नूतन वर–वधुओं के घर में स्वर्णिम आभा तुम बरसाओं ।
शौर्य, त्याग, सिद्धान्त हमारी रग–रग में प्रतिपल पहुंचाओं ।
लौट न जाऊँ द्वार से खाली, तुम से पिता–पुत्र का नाता । काश नृप अग्रसेनः नहीं आता ।
कौन देश में अपने सिर पर शाही छत्र सजाता ।

अग्रवंश ध्वजवंदना

रचनाकार : ''मंगल''
रचनाकाल : 1948

क्या मस्त–मस्त लहराता नभ में यह महान ध्वजराज ।

1. केशरिया रंग बिराजे, छबि देख–देख अरि लाजे ।
जगती में डंका बाजे, झुकते थे सब महाराजे ।
अग्रोहागढ़ पर फहराया था, यह महान ध्वजराज । क्या मस्त–मस्त ...

2. इसको ले अग्र त्यागी ने, निज वंश के सम्राज्ञी ने ।
जनपालक अनुरागी ने, महावीर महा भागी ने ।
जिसको फहराया आर्यवर्त में, यह महान ध्वजराज । क्या मस्त–मस्त ...

3. लहरों से प्रेरित करता, सद्भाव हृदय में भरता ।
इसको प्रणाम जो करता उसके कष्टों को हरता ।
त्यागों विद्वेश हाथ में लेकर यह महान ध्वजराज । क्या मस्त–मस्त ...

4. श्री अग्र विद्वेष दिवस यह आया, उत्साह साथ यह लाया ।
ध्वज की सुखदायी छाया, निर्मल करती यह काया ।
न्यौछावर है सर्वस्व इसी पर, यह महान ध्वजराज । क्या मस्त–मस्त ...

ooo

अग्रध्वज अभिवादन

रचनाकार : ''मंगल''
रचनाकाल : 22.9.1979

ध्वजराज तुम्हें शत–शत प्रणाम
कितना महान कैसा ललाम ।।

सुन्दर केशरिया रंग तेरा, न्यौछावर होता तन मेरा ।
जिस के चरणें में युग–युग से ही युग पुरुषों का था डेरा ।।
झुकता जन–जन सुन तेरा नाम । ध्वजराज तुम्हें शत–शत प्रणाम ।

तू अग्रसेन का प्यारा है, जीवन सर्वस्व हमारा है ।
जिसको तूने ललकारा है, मिल सका न उसे सहारा है ।
तू अग्र वंश का सुखद धाम ।। कितना महान कैसा ललाम ।
ध्वजराज तुम्हें शत–शत प्रणाम ।

ooo

रचनाकार 'मंगल'

राष्ट्र रचनाकाल 10.7.1991

नोटः अशोक वाटिका में सीता जी हनुमान जी की बात और सीता द्वारा सन्देश ।
(राग यमन पर आधारित)

वीर सन्देश जो अन्तिम क्षणों में लाये तुम ।
डूबती नाव की पतवार जैसे आये तुम ।

1. (देवर लक्ष्मण के प्रति)
मेरे कटु वाक्य उन को तीर से चुभते होंगे ।
फूल देवर के उर में कांटे ज्यों उगते होंगे ।
क्हना अपराध मेरे भूलें या क्षमा कर दें ।
अन्यथा सिन्धु में मुझको डूबा शिला धर दें ।
आर्य से मेरी व्यथा कहना जो पठाये तुम डूबती नाव की पतवार :

2. (हनुमान से)
क्या मेरे देश के आर्यों ने शौर्य छोड़ दिया ?
अपनी माटी की सुरक्षा से मन को मोड़ लिया ?
वीरों के देश में क्या कायरों के जत्थे हैं ?
पिनाक तोड़नेवाले क्या अब निहत्थे हैं ?
हाल बिखरे हुये जनतन्त्र के सुनाये तुम । डूबती नाव की पतवारः

3. अब भी क्या सैकड़ों सीतायें हरी जाती हैं ?
आत्मदाहों की चिताएं भी चुनी जाती हैं ।
हाय फुटपाथों पर निर्वस्त्र लाल हैं सोते हैं ।
झुकी कमर से बढ़ता बोझ ऋण का हैं ढोते ।
कितने बेहाल समाचार लेके आये तुम । डूबती नाव की पतवारः

4. ताज साँपों के सिर पे, मौंत मयूरों की क्यों ?
हाला बंगलों में ढुले, झोंपड़ी में आंसू क्यों ?
क्रम जो हत्याओं के नेताओं से न रूक पायें ।
मैं संभालूंगी कमान, मुझको आके ले जायें ।
तीर से चुभ रहे सन्देश जो सुनाये तुम । डूबती नाव की पतवारः

5. मूल्य कम हो गया मुद्रा का या कि मानव का ।
स्वर्ण रक्खा है रहन या कि मान भारत का ।
अपने सिद्धान्त की मंजिल से गिर गये नेता ।
देश बिखरेगा कई बार यदि नहीं चेता ।
बाहरी दानवों की जीभ लपलपाती है ।
उनको पैंसठ की, इक्हत्तर की शर्म खाती है ।
एटमी अस्त्र क्यों निर्माण कर न पाये तुम । डूबती नाव की पतवारः
जैसे आये तुम, वीरे सन्देश जो अन्तिम क्षणों में लाये तुम ।

रचनाकार 'मंगल' रचनाकाल 2 मार्च, 1993

निराकार – सरस्वती वन्दना 'राग कल्याण पर आधारित'

वेदमाता सुरसवती प्रणाम लो मेरा ।
सरस्वती की शरण में सुधाम हो मेरा ।

1. वेद शास्त्रों में तेरा रूप चमचमाता है ।
जिससे अज्ञान मिट, प्रकाश जगमगाता है ।
सारा विद्वन तेरा ही ब्रह्म तेज ध्याता है ।
तेरे दर्शन में रसिक सुख में डूब जात है ।
भीख मेधा की मिले, यह इनाम हो तेरा । वेदमाता .....

2. मेरी अभिलाष है, साहित्य महल में रहना ।
तेरे सानिध्य में अवसान तक टहल करना ।
कोई वित्तेषणा, लोकेषणा नहीं इच्छित ।
अन्त क्षण तक सृजन से मुझ को न करना वंचित ।
काव्य मंडित प्रत्येक, रोम, चाम हो मेरा । वेदमाता .....

3. तेरे आंचल में ज्ञान सिन्धु सुधा बहता है ।
देव वाणी में दया दान का स्वर रहता है ।
पवित्र कर्ता ज्ञान, बुद्धि की आकर तुम हो ।
अग्य तम क्लेश निवारक हो, दिवा कर तुम हो ।
ब्रह्म रूपा की साधना ही काम हो मेरा । वेदमाता .....

4. सुना है गुणवती, तुम दिव्य गुण लुटाती हो ।
आप गायत्री, मोक्ष मार्ग भी बताती हो ।
कुमार्ग त्याग, यज्ञ कर्म भी सिखाती हो ।
साधकों के हृदय में, आप बैठ जाती हो ।
सच हो तो, सेवकों के साथ नाम हो मेरा । वेदमाता .....
सरस्वती की शरण में सुधाम हो मेरा ।।

रचनाकार 'मंगल' रचनाकाल 13 जनवरी, 1993

नोटः कवियों द्वारा बार–बार कवि–गोष्ठी का प्रोग्राम बनाने और फिर नहीं आने और मेरे द्वारा प्रतीक्षा करते रहने के फलस्वरूप रचना ।

शीर्षकः 'आपका सानिध्य पाता'

स्थाई

मैं न कोई गीत गाता, आपकी सुनता न मेरी कुछ सुनाता ।
चार छन्दों के सहित् यदि आपका सानिध्य पाता, अपना सब कुछ भूल जाता ।

1. मानता हूं तुम किसी कारण से आ पाये नहीं थे ।
यह विदित मुझको नहीं, तुम चांद पर थे या यहीं थे ।
मेरी कुटिया में चरण लाये न, क्या 'हिमगिरि चढ़े थे ६
या अशिक्ति पाक को शिक्षा सुनाने जा खडे थे ।
कल्पना द्वारा ही जो सन्देश मुझ तक पहुंच जाता ।
तो न खिडकी खोल बैठे मैं यहां पर उंघ पाता । यदि आप का .....

2. युगल वर्षो से प्रतीक्षा नैन कर–कर थकित मेरे ।
कार्यक्रम से घृणा है या मीत इतने व्यथित मेरे ।
हिन्द की हिन्दी से यूं उपराम लखि दृग चकित मेरे ।
कर रहे क्यो रस भरे अनुराग दुख से ग्रसित मेरे
आज तो इतनी सुनाउंगा थकाउंगा सुनाता (नचाता) । यदि आपका .....

3. केश मानवता के निशि दिन इधर कोरव खींचते है ।
तज सुदर्शन उधर, राधा प्यार से मन सीचतें है ।
जब अहिंसक मनुज शोणित दनुज नित्य उलीचते हैं ।
देव वंशज इधर दायित्वों से आंखे मीचते है ।
मै उन निराशा वादियों को त्यागता, यदि जान जाता ।
(मैं) न कोई गीत गाता, आपकी सुनता न मेरी कुछ सुनाता ।
चार छन्दों के सहित् यदि आपका सानिध्य पाता ।

4. आज युग कवि लेखनी से, मांग क्षण–क्षण कर रहा है ।
शांति की पावन धरा में क्रान्ति कण–कण कर रहा है ।
मूक होना कर्णधारों, के लिये शोभा नहीं है ।
मातृभाषा ऋण चुकाने का उचित अवसर यहीं है ।
ज्ञान जल कवि मेघ ढ़ोते और इधर सूखी महीं है ।
सृजन का देकर निमंत्रण, नींद से तुमको जगाता ।
चार छन्दों के सहित् यदि आपका सानिध्य पाता ।

.....

भ छबड़ा नगरी के प्रति रचना

रचयिता भ मंगल भ रचनाकाल – सन् 1974

स्वर्गराज की तू महारानी, तेरे हरियाले आंचल की महिमा किससे
जाय बखानी प्रबुंध वर्ग की बुद्वि धकानी, स्वर्गराज की तू महारानी ।

1. स्वागत में हर आगनतुक के उत्सुक हैं वे दोनों भाई ।

एक डाक बंगला दूजे ने पर्वत ऊपर मंच लगायी ।

बूढ़ी चाची अलीगंज की तू ने दो पति नए बनाए ।
नगरपालिका, छात्रपालिका, अपने दो नव नाम धराये ।

परिचारिका नई अग्रागोदी में सब पाहुने सूलाये ।
चर्चा मधुर–मधुर गुण खानी, नित नव वर की जोड़ मिलानी ।। स्वर्गराज की

2. चारों तरफ खींचा परकोटा चार द्वार दो खिड़की आजा ।
म्याल घाट से स्टेचन तक रोड़ तीन चौपाटीवाला ।

एक छोर पर अमृत बहता दूजे पर ढुलती है हाला ।
बोली में मिठास गाली का इस छबड़े का ढ़र्र निराला ।

अलबली मालन चौपड़ पर ही गूंध रही गजरे और माल
मंहकी सी फूलों की देवी देख किसी की मति बौरानी । स्वर्गराज की तू महारानी

3. जनकराज आराम्य, रम्य से आठ बाग कितने मद माते ।
आठ–आठ से एक–एक चौसठ बगियों से प्रेम निभाते ।

अमृत जैसे फल मेवे खुद चख–चख सबके घर पहुंचाते ।
आम, सन्तरे, नीबू, कमरख, बाहर, भिजुवा दान लुटाते।
मंदिर, मठ, गुरुद्वारा, मस्जिद अपनी धुन में ध्यान लगाते ।
जितने चट्टे –बट्टे उनके करना सब से प्रेम सिखाते ।
पहरेदार प्रांत सीमा की, चेखावत की सगी मुमानी ।। स्वर्गराज की तू महारानी

4. चरणों में गंगा की बेटी सगी रेणुका जी बइती है ।
सदा एक रस, निर्मल, अविरल ध्यान मग्न कल–कल बहती है ।
ह्विंदु हो या मुसलमान, मन मेल, ताप सबके सहती है ।
कान लगाओ सुने कोई पल–पल उसकी लहरें कहती है ।
आर्चीवाद मोड़ खेतों में ले जाओ खुचियां बहती है ।
बच्चे –बूढ़े क्या जवान वह सबकी है नानी की नानी । स्वर्गराज की तू महारानी,

मस्तक पर है किला मुकुट सदियों से रक्षा करता आया।
चत–चत बन्दी मेहमानों को जो विश्राम सदा दे पाया ।
कितनी तोपों की दहाड़ से दिल जिसका न कभी थर्राया ।

इंगलियां, खींची, नवाबों का बैठे–बैठे किया सफाया ।
कठिन मोड़ से निकल दौड़ में उछल लोक चासन ले आया ।
लिया बुर्ज में अब तिरंग बन बैठा छबड़े का सेनानी ।
स्वर्गराज की तू महारानी,

5. न्यायालय न्याय कर रहे नगरपालिका नगर सजाये ।
किंतु हाय दसवी से आगे बच्चों का जीवन रुक जाये ।

झूठे–वादे दस–दस करके हार पहनकर पेड़े खाये
धोखे दिये छात्रों से जिन्दाबादी नारे लगवाये ।
दूर रहा कालेज अरे ग्यारवीं तक भी खुला न पाये ।
बदला दल जब लज्जा आई ढूंढ रहे अब चुल्ला पानी ।। स्वर्गराज की तू महारानी,
तेरे हरियाले आंचल की महिमा किससे जाय बखानी । स्वर्गराज की तू महारानी,

तेरे हरियाले आंचल की महिमा किससे जाय बखानी।
स्वर्गराज की तू महारानी,

देय प्रेम – कविता ब्रज भाषा
रचयिता भ मंगल भ
रचनाकाल सन् – 1974

तुक्कड़ बताके मोहि हुटिंग लगवाके ।

चाहे अब प्रसन्न व्हैके मेरी कविता परिपाटी सौं ।
हाथ बंधवा के पांव बेडियां भराके जैल खानें भिजवाके ।
सीधे छबड़ा चौपाटी सौं ।
विष भी पिलाके मोहि नाग से डसाके ।
कारिख म्हों पे पुतवा के फेकों चाहे तीखी की घाटी सौं ।
कोड़े लगवाके चाहे गोली से उड़ा दो किंतु सकोगे न छुड़ा प्रीत
भारत की माटी सौं ।

महर्षि दयानन्द के प्रति

रचयिता – भमंगल

रचना काल – दिनांक 22.3.1966

ओ लोह पुरुङ्ख ओ आर्य वीर। ।।

1. जन मन उपवन में दर्शन की अभिलाषाओं के खिले फूल ।
क्या दया तुम्हारी यहीं, आज हम याद करें तुम गयें भूल ।
चालीस कोटि झौलियां बिछी क्या मिलान सकेगी चरण धूल ।
ओ योगी राज उतरों, फूलों मे बन सुगन्धि प्यारे फकीर ।। ओ लोह ।।

2. लग जाय पुन रू आसन तेरा, है खंला द्वार खाली कुटीर ।
जन– जन मन– मन अब पीड़ित है क्या अब न करोगे दूर पीर
पतितों का काया कल्प करों, उस दिव्य ज्ञान से धीर वीर ।
आवाज दे रहा आर्य वंच को, आर्य वर्त का काश्मीर ।। ओ लोह ।।

3. जिसके बलशाली हाथों से घातक तलवारें टूटी थी ।
ललकार सुनी जब रिक्ष राज ने उसकी जीवन आशा छूटी थी ।
ईटों के बदले में लड्डू वितरण यह बात अनुठी थी ।
विषदाई जगन्नाथ को देकर प्राण दान खींची लकीर ।। ओ लोह ।।

....

ईश्वर का निवास कवित

कोई समझता क्षीर सागर में लेटें है, थके मांदे कमला जी से पॉव दबवाते है ।
ब्रह्म लोक, गो लोक, स्वर्ग को तलाचें कोई आसमान चौथे से टेर कर बुलाते है ।
सातवें गगन पर मकां कोई कहते और ऊँचे हाथ कर–कर जैसे नौता भिजवाते है ।
सच्चे चिव बोजी देव दयानन्द वेदों बोले घोषणा कर प्रभु को सर्व व्यापी बताते है ।

कोई मथुरा में कोई अयोध्या में जन्म मान, पलनों में झुला–झुला करलोरिया गाते है ।
कन्या कुंवारी के गर्भ से ही पैदा होना मान कोई अनहोनी घटना सुनाते है ।
खम्बे को चीर कोई सिंह ज्यो बुलाते कोई कच्छप और मछली के पेट से उगाते है ।
सच्चे चिव खोजी देव ड़के की चोट कहा सर्व व्यापी प्रभु केवल अजन्मा कहाते है । कहीं
आते है न जाते है ।

रचयिता – भमंगल रचना काल – दिनांक 1965

राष्ठीय

इतिहास भी करवट बदलेगा

खर्राटे बहुत लिए उसने भारत में शांति की शय्या पर ।
आलस्य निशा बीती, होगी अब सैर, क्रांति की नैया पर ।

केवल जीवन का दान नहीं हर बलिदानी कर पायेगा ।
हो स्वयं अमर कर अमर इसे स्वर्णिम अक्षर जड़ जायेगा ।
भारत ही क्या संसार तेरे चरणों में वंदन करलेगा ।इतिहास भी रू

2. जिस देश का छोटा सा बालक नागेश को नाच नचाता है ।
जिस देश का केवल बनवासी रिपु सेना मार भगाता है ।

जिस देश का केवल एक– एक वीर रिपु की चौकियां छिनाता है ।
जिस भूमि का वह प्रण वीर अंत में तीरों पे सेज बिछाता है ।
चालीस कोटि उसके सपूत, बैरी क्या बच कर निकलेगा । इतिहास भी रू

3. दो आब, जहां गंगा–यमुना का अविरल अमृत रहता है ।
सुन्दर सुस्वादु उपजाऊ मीठा सलिल सुधा सम बहता है ।

भूरी, पीली, बलुआ, वाली, धामनी, माल, मिट्टी काली ।
शत्रुओं जलो मत देख इसे यह कुएं झील नहरों वाली ।
अरे अब मारवाड़ की बालू तक का कण –कण मण–मण निपजेगा । इतिहास भी

4. यह देश गरुड़ बनकर सपोलिये पाक तुझे खा जायेगा ।
ओ कीट चीन, इस ज्वाला में अपना तन ही झुलसायेगा ।

ओ मूर्ख यादकर रामबाण से हमने नेट बनाये है ।
पेटन, सेवर, कर तहस–नहस वापिस तरकस में आये हैं ।
अब युद्व छिड़ा तो तिरंगा लाहोर दुर्ग पे फहरेगा। इतिहास भी ।

5. अब हनुमान अब मेघसिंह लाखों है आग लगा देंगे ।
अब आचाराम कोटि अर्जुन, कौरव को दास बना लेंगे ।

जब सागर पाट सके थे हम, तो बेचारी क्या इच्छोगिल ।
रे चत्रु भाग लें, जान बचा, हम जीना कर देंगे मुश्किल ।
हिम गिरि के सिर हम लिखदेंगे, चीनी पाकी अंतिम लेखा ।
इतिहास भी करवट बदलेगा

रचयिता भमंगल रचना काल सन् 1971
रचना स्थान –अटरु भाषा हाड़ौती

नोट रू. लक्ष्मण जी की पत्नी उर्मिला पाकिस्तान से युद्व के समय
अपने सहेली से युद्व के समाचार सुनकर कल्पना द्वारा उत्तर देती है ।
राम बनवास के बाद भ जे तू फेली आई होती भ
महूँ प्राणनाथ न बरज राखती, थे सूँ बतलाई होती । जे तू फेली रू

1. या म्हारी बारी उम्मर यों एकांकी जीवन थड़फे छे ।
वे फुर्ति सूँ जाबा लाग्या, म्हारों भी हर दों फाटे छो
यां ऊँचों – ऊचों म्हेल मने जद मूंड़ों बायां काठें छो ।
पण लोक लाज का तन मन पें आख्यां पे पहरा बैठ गिया ।
म्हूं चरण धूल भी ले न सकी वे अण बोली ने छोड़ग्या ।
अरी भाभीजी जनक दुलारी की सेवा ही समलाई होती । जे तू फेली आई होती,
म्हुं प्राणनाथ ने बरज राखती, थें सूं बतलाई होती ।

ऊं दिन वृक्षां ने मौन साध, पक्ष्यां की जीभां भी सीं दी ।
अब रॉड़ मोरड़ी कूंक –कूंक रग–रग म्हारी छाती बींधी ।
ये सूरज चॉद तारकावलि सब ठेड़ा–ठेड़ा घूर रिया ।
बीरां से थांकों ओसर छे, म्हूं अबला छूं, वे दूर गिया ।
अरी ऊं कोयल से ही खें देती वाफेली कूकाई होती ।

जे जे तू फेली आई होती ।
म्हूं जीवन धन ने बरज राखती, थें सूं बतलाई होती ।

3. वे ई बगतां की होता तो भ याह्या की जीभ ऐंच लेता ।
(अर) धनुष नोंक सूं बंगला के फेलाडी रेख खेंच देता । फेलाडी
म्हूं लारां जाती सीमा पें बंगला ने सोत बना लाती ।
वे नटता तो भी आर्य वीर ने बंगला देच्ची परणाती ।
जेठ जी अकेला ही रावण को खटको मेट माट देता ।
म्हारा प्राणेच्च सुभाङ्ख वीर ने पाकिस्तान तिलक देता ।
युवकां का मंगल प्राणां मे बिजली सी दौड़ाई होती ।
संगीना सम्भलाई होती जे तू फेली आई होती ।
म्हूं प्राणनाथ ने बरज राखती, थें सूं बतलाई होती ।

नोट रू. निर्वाण अवसर दीपावली के उपलक्षय मे एक समारोह में रचना सुनाई गई
रचनाकार भ मंगल रचना काल 8 नवम्बर, 1986
रचना स्थान – अमेरिका ।

कविता

1. अन्ध विश्वासों के अन्धेरे को दूर भगा, असंख्य ज्ञानदीपों से प्रकाश फैलाया था ।
कार्तिक अमावस्या के तम में विलीन होने आर्य कूल भूषण देव दयानन्द आया था ।
इतिहास साक्षी है अनार्यों ने लालच में, मंदिर तुड़वायें और मान घटवाया था ।
शत्रुओं का साथ दिया, स्वयं विधर्मी बनें, महा–महा पुरुषों का अंत करवाया था ।
ऐसा ही दुष्कर्म भजगन्नाथ कर बैठा, लालच में गुरुवर को ज़हर पिलवाया था ।
किंतु उस योगी ने पापी को क्षमा कर, ऊपर से धन देकर प्राण बचवाया था ।
धन्य उस योगी की जननी को बार बार, जिसकी महान कोंखें ने ही ऐसा लाल पाया था ।
स्वर्ग भी निहाल हुआ पाकर उस विभूति को, बोला ऐसा सन्यासी कभी नहीं आया था ।
कार्तिक अमावस्या के तम में विलीन होने, आर्य कुल भूषण देव दयानन्द आया था ।

2. सहस्त्रों देव दानवों ने मंथन कर एक सिन्धु, चौदह रत्न ढूँढ़े, केवल इतनी सी बात की ।
ष्षि ने हज़ारों ग्रंथ मथकर निचोड़ा रस, पिलाया, ऊँच–नीच भूला, तारे महापात की ।
नीलकण्ठ चंकर ने एक बार विष पीकर थोड़े से देवों की रक्षा की बात की ।
तेरह बार गरल पीकर महर्ड्डि ने अमृत दिया, करोड़ों को जगाया, अत्यंत रक्षा की
नारी जाति की ।
वेदों का लुप्त ज्ञान खोलकर प्रकाच्य किया, ईश्वर उपासना का रहस्य समझाया था ।
कार्तिक अमावस्या के तम में विलीन होने आर्य कुल भूङ्खण देव दयानन्द आया था ।

3. अमर चहीद, योगी की आत्मा जगाती हमें, दीपों के प्रकाच्य द्वारा प्रेरणायें पायें हम।
देच्य– देच्य, घन–घर में, जन–जन के मानस में, वेदों का ज्ञान दीप लेकर जलायें हम ।
यम नियम, आसन प्रणायम ध्यान करें ईश्वर से मित्रता का रिश्ता बनायें हम ।
माता और बहिनों को पत्नी और बच्चों को संध्या का दैनिक अभ्यास करवायें हम ।
बने हम सच्चे आर्य, ऋषि को मिली यदि चांति, तब समझों कर्तव्य अपना निभाया था ।
कार्तिक अमावस्या के तम में विलीन हाने आर्य कुल भूषण देव दयानन्द आया था ।

रक्षाबंधन
रचयिता भमंगल
रचनाकाल – दिनांक 8.8.79

ममता का त्यौहार किन्तु संदेश अनोखा लाया है ।
राखी के तारों के भीतर अमित रहस्य समाया है ।

1. राखी के तारों में डूबा धूल भरा भोला संसार ।
कभी खेलना, करुण रूदन, दे पुनरू तोतला प्यार ।
इसी बहिन की पिछली बातें सरल सौम्य आंसू की धार ।
तरुण नयन, ले अरुण चुनौती, सुना रहे संदेश हज़ार ।
रोली अक्षत पुष्प आरती, बीच थाल में जमी कटार ।
भाभी से लो विदा वीर, रण में जाने को हो तैयार ।
दयानन्द की यज्ञ वेदिका जगा रही ले धूम अपार ।
अरे वीर की जन्म भूमि तक, बैरी की पहुँची ललकार ।
अरि मर्दन की शुभ बेला में मैने तुझे जगाया है । राखी के तारों के भीतर

2. उधर क्षितिज के पास किसी ने घातक ज्योति जगाई है ।
इधर कुर्सियों के चेहरों पर रूप बहुलता छाई है ।
रंग बदले पानी की गागर श्रावणियां भर लाई है ।
सेवा की धरती पर अब तो स्वार्थ घास उग आई है ।
फूट त्याग, संगठित यात्रा, का संदेश पठाया है । राखी के तारों के भीतर

रक्षा बन्धन पर बहन का भाई को देश प्रेम का संदेश

यह भी मुझे स्वीकार है

1. भर–भर कलश लाया करूँ, तेरे ही गुण गाया करूँ,,
संसार हो मैका पिया के गांव ना जाया करूँ, ।
संगीन दोनों राखियों के हाथ में तू थाम लें यह भी मुझे स्वीकार है ।

2. इन राखियों के तार में रिपु शीश की माला बनाना ।
तू ना अगर आ पाये तो संदेश ही जै का पठाना ।
आजन्म जी सकती हूं मैं निर्बन्धु केवल नाम ले ।यह भी मुझे स्वीकार है

रचयिता भमंगल सामान्य श्रृंगार रस
रचनाकाल – दिनांक 22.10.1959
रचना स्थान – ग्रामसेवक ०निंग सेन्टर, देवली

नोटरू. अर्जुन के साथ युद्व में जब कर्ण के रथ का चक्र कीचड़ में थंस गया । और श्री कृष्ण ने अर्जुन को सावधान किया । कर्ण कह चुका था कि भ मैं चक्र निकाल रहा हूं मुझ पर वार करना अधर्म होगा धर्म की दुहाई देने पर श्री कृष्ण ने कहा । प्रायेण नीचा व्यसनेषु मग्ना, निन्दन्ति दैवं, कुकृतं न तु स्वयं भ

अर्थ रू. जो पामर होते है वे बुरे व्यसनों में फंस कर कुकर्म किये जाते है और संकट पड़ने पर कुकर्मा को याद न कर देव की निन्दा करते है, कोसते है । इसी पर श्री कृष्ण ने कहा – तब तुम्हारा धर्म कहां गया था इसी पर एक गीत – रचनाकार ''मंगल''

1. आई तो तुझे याद धर्म की बहुत देर से आई ।
अगर याद पहले आ जाती होती नहीं लड़ाई ।
धर्म कहां था धर्म राज को जुआं में उलझाया ।
राज और परिवार पाण्डु का, चकुनी से हरवाया ।
जुएंबाज चकुनी द्वारा कौरव की जीत करायी ।
अगर याद तब ही आ जाती होती नहीं लड़ाई ।

2. याद करो जब भीमसेन को, सांपों से डसवाया ।
जहरीला भोजन देकर चाहा उसको मरवाया ।

तब तू भूला धर्म और अब देता धर्म दुहाई ।
आगर याद तब ही आ जाती होती नहीं लड़ाई ।

3. कहां धर्म बनवास बाद, पाण्डव का राज्य दबाया ।
तेरे होते दुर्योधन कोरा अंगुष्ठ दिखाया ।
पांच गांव क्या सूई नौक भूमी की करी मनाई । अगर याद तब ही आ जाती होती नहीं लड़ाई ।

4. याद न आया धर्म तुझे जब लाक्षागृह बनवाया ।
पांचों पाण्डव को परिवार सहित उसमें बसवाया ।
तू चुप क्यों था, जब उनके सोते में आग लगाई । अगर याद तब ही आ जाती होती नहीं लड़ाई ।

5. भरी सभा में अबला नारी. केच पकड़ मंगवाई ।
नग्न किया चाहा उसको साड़ी तन की खिचवाई।
जब अन्याय पी गया तू, अबला की हंसी उड़ाई । अगर याद तब ही आ जाती होती नहीं लड़ाई ।

6. सात महारथियों ने धोखे से अभिमन्यु घेरा ।
पीछे से उसका धनु काटा, यही धर्म था तेरा घ
धर्म यही था घायल बालक की हत्या करवाई । अगर याद तब ही आ जाती होती नहीं लड़ाई ।

नोट – किसी भी धार्मिक सभा में रचनाकार का यह भजन गाया जा सकता है ।

.....

रक्षाबंधन

रचयिता भमंगल

रचनाकाल – दिनांक 29.8.1958 तथा 8.8.79

भनेह के बंधन को लेकर मिलन का त्यौहार आया

1. थे प्रतीक्षा में हृदय दो, रक्त बाहों का उछलता ।
छबि सहोदर देखने को, था प्रति क्षण मन मचलता ।
आज पा अवसर सुनहरी, मिलन की लेकर विकलता ।
भरत सा आतुर मिलन की राम से, मन में विव्हलता ।
बहिन के आव्हान पर भाई चला पग–पग संभलता ।
लक्ष्य केवल या बहिन का स्नेह, पल–पल थी चपलता ।

मार्ग में पलकें साड़ी बिछी थी, जो बहिन का द्वार आया । निह के बंधन ।।

2. बांध कर रक्षा का बंधन, आरती कर, कर युगल से
प्रेम के आंसु की लड़िया थी बिखेरी दृग युगल से ।
कह उठी देना अगरा बदले में कुछ उपहार त ुम को ।
विश्व के सारे खजाने दो भी तो बेकार मुझको ।

तार राखी का बहिन की लाज दायित्व लाया । नेह के बंधन

3. तार राखी के कलाई से बंधे जब तक रहेंगे ।
हाथ में तलवार के कब्जे कसे तब तक रहेंगे ।
आर्य भू के शत्रु भय से भीत हो तुझ से कहेंगे ।
प्राण संकट में हमारे अब चरण किसकी गहेंगे ।
(अरे) वीर की राखी हमारे कफ़न का अम्बार लाया ।नेह के बंधन

4. मैं उसी भाई को राखी बांधकर संतुष्ट हूंगी ।
जो वतन के काम आयेगा , न उस से रूष्ट हूंगी ।
वही मेरा बंधु, उसकी ही बहिन मैं हो सकूंगी ।
बांध राखी हाथ में, दे खड़ग यह वरदान लूंगी ।
वीर भाइ की प्रतिज्ञा बस यहीं पहले सुनॅूगी ।

(क्या) आर्य मां की भेंट, राखी मूल्य में मस्तक चढ़ाया । नेह के बंधन ।

भआर्य समाज के प्रति'' दयानन्द के प्रति

भआर्य वीरों लगी है आग बुझाओ दौड़ो ।
झूठ पाखंड का पिनाक उठाओ तोड़ो ।
स्वयिता भमंगल रचनाकाल अप्रेल 1991

1. वेद की चार नीतियां जगाने था आया ।
अन्ध विश्वास होलियां जलाने था आया ।

असत्य ज्ञान के गिरि श्रृंग ढ़हाये उसने ।
अनार्य चीय आर्य मग में झुकाये उसने ।

किंतु हा देव दो मचाल ही जला पाया ।
मृत्यु संदेच कण्ड से किसी ने पहुंचाया ।

अधूरे स्वप्नों की लड़ियों को जुड़ाओ जोड़ो ।
आर्य वीरों लगी है आग बुझाओ दौड़ो ।

2. तेरी वाणी में वेद चंख नाद गुंजित है ।
सत्य का सिंधु तेरे रक्त में प्रवाहित है ।

कर्म करने की ललक हृदय में उमंगित है ।
तेरी अपार चक्तियों से पाप कम्पित है ।

लाखों पांचालियों के केच खींचे जाते है ।
सहस्त्रों साध्वियों के मान बिके जाते है ।

आर्य गज डूब रहा चक्र उठाओ दौड़ो ।
झूठ पाखण्ड का पिनाक उठाओ तोड़ो ।

आर्य समाज
ईश्वर सर्वव्यापी ''राग देच''
रचयिता मंगल रचनाकाल 1988

मंदिर या मस्जिद गुरुद्वारे या मजारों में ।
ब्रह्म पाना कठिन है पर्वत गुफाओं में ।

झर–झर में निर्झर में , ताल या तलैयों में ।
मिलना आसान ब्रह्म नहीं सरिताओं में ।

ऊँचे स्वर पुकारो या पृथ्वी गगन छान मारो ।
ढूण्ढो चाहे तरु त्रण में वृक्षों की लताओं में ।

ब्रह्म ज्ञान दर्चन जो करना तुम चाहो तो
डुबकी लगाओ वेद सिन्धु की ऋचाओं में ।

रचनाकार श्री बालकृष्ण त्रिवेदी
<u>उच्च स्वर में आज हिमगिरि गा रहा है</u>

फिर किसी चंगेज की नजरें उठी इस सर जमी पर ।
फिर कोई महमूद उत्तर की दिशा से जा रहा है ।। हिमगिरि गा रहा :

1. मां बहिन के मान का दायित्व भारी हो चुका है ।
देच के सम्मान का भी प्रश्न सन्मुख आ खड़ा है ।
बिक रहीं जाकर विदेचों में हमारी बेटियां हा ।

कौम के अब इम्तिहां का वक्त सिर पर आ पड़ा है ।
बाहरी पानी न रुक जाये कहीं बेडे में तेरे।
वक्त तूफ़ानी से पहले सिंधु नद समझा रहा है । फिर कोई मेहमूद ।

2. हार खाकर वह गयी है अब सहनशक्ति हमारी ।
अब अहिंसा नीति ने की रुक बदलने की तैयारी ।
शांति के यद्यपि उपासक, टलन पाये युद्ध यदि तो ।
युद्ध को सौभाग्य समझें है यहां रीति हमारी ।
देश के पुत्रों कलंकित हो न जायें आन अपनी।
विश्व का इतिहास पिछले पाठ फिर दोहरा रहा है । फिर कोई मेहमूद

3. कह न दे कोई की आज़ादी हमें प्यारी नहीं है ।
कह न दे कोई हमारी पूर्ण तैयारी नहीं है ।
कह न दे कोई हुकूमत से हमें यारी नहीं है ।
कह न दे भारत तो आज़ादी का अधिकारी नहीं है ।
इसलिए हिम चेल पर बलिदान की वेदी बनाओं ।
आज चंकर का सरोवर नष्ट होने जा रहा है ।
फिर किसी चंगेज की नज़रें उठी इस सर ज़मीन पर ।
फिर कोई मेहमूद उत्तर की दिया से आ रहा है ।

अंतर कथायें – कविता भ जीवन की विषम पहेली में रचना दिनांक 20.10.54 के अंतरा नंबर–4 तथा 5 की ।

<u>अंतरा नंबर–4 की</u>

सन् 1951 में मैं अपने मित्र के साथ इंद्रगढ़ से ब्रज में घूमने चला गया । इंद्रगढ़ में मकान वालों के एक गाय थी उसके साथ एक बड़ी बछड़ी थी और गाय गर्भवती थी । जिस दिन हम गये हमको मकान में नजर नहीं आयी चायद वह नीचे की मंजिल में भूसे के भंडार में होगी । इस तरह मकान में बंद रह गयी हम ताला लगाकर गये और चाबी पड़ौसी को दे गये । मेरा मित्र एक हफ्ते बाद बृज से लौटकर इंद्रगढ़ आ गया और मुझे पत्र लिखा कि अपन उस मकान में गाय बंद करके चले गये । ज्यों ही दस दिन बाद वह पत्र मिला मेरे होच उड़ गये, समझा कि निश्चित वह मर चुकी होगी तुरंत किसी प्रकार चलकर इंद्रगढ़ आया तो देखा कि गाय मुझे मारने दौड़ी। हुआ यह था कि एक सप्ताह बाद मकानवाले कोटा से आये होंगे और गाय को चौक में पड़ी देखी, मरी नहीं थी परंतु हालत खराब बतायी । जब उन्होंने चारा पानी किया तो वह ठीक हो गयी । इस बात को लेकर मैंने अपनी कविता में नंबर–4 पर लिखा रू

वह समय नहीं भूलूंगा मैं था किया दया का कोष दान,
गौ गर्भवती बछड़ी समेत प्यासी सप्ताह भर रखे प्राण ।
मैं बृज रज में उन्मत्त वहां गोपाल यहां गौ पाली थी ।
मैं भूला तुम रखते न याद तो क्या वह बचने वाली थी ।
है सत्य करी रक्षा भारू ही के अण्डों की बृजकैली ने ।
जीवन की विषम पहेली में

<u>अंतरा नंबर–5 की</u>

सन् 1945 में मैं पटवारी था अपने सर्किल के गॉव कोटड़ा मेघनाद से चलकर घोड़े पर छबड़ा से दो मील दूर तक आया तो देखा कि वर्ड्डा खूब हो चुकी थी । एक तरफ से नाला और एक तरफा नदी दोनो उफान पर थे मिल रहे थे । मेरा उनको पार कर आना कठिन हो गया । मैं चकित रह गया मेरे पास टार्च भी नहीं थी । घोड़े पर पटवारगिरि के बस्ते बंधे हुए थे । बहुत परेचान हो कर ईश्वर को याद किया तक देखा कि सामने से उस रात्री के धुंधले में छबड़ा की तरफ से कोई व्यक्ति आ रहा है । उसके सिर पर चरसा था एक बैल आगे और एक पीछे चले आये मेरे सामने की किनारे के पास आकर अचानक बिना पूछे उस व्यक्ति ने मुझसे कहा भैया जी इधर से आ जाओ उत्तर की तरफ हाथ का इचारा किया । बस क्या था डूबते को तिनके का सहारा, मैंने बिना खतरे की परवाह किये घोड़े के एंड़ लगाई और नाला तैर कर इस पार आ खड़ा हुआ । जब मैंने सामने देखा तो वहां कोई नहीं था न बैल थे और न ही कोई आदमी था । मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ और इस ईश्वर की कृपा पर कुछ देर तक वहीं खड़ा रहा इसी बात को लेकर मैने अपनी कविता जीवन की विषम पहेली में के अंतरा नंबर –5 में इस घटना का निम्न प्रकार से वर्णन किया है ।

भनिरजर वर्ड्डा रजनी काली, सरिता, नाले का तरुणनाद।
सब ग्राम दूर उस पार खड़ा घोड़े पर तुमको किया याद ।
दस मिनट बाद स्वर्गीय दूत चर्सा धर बैलों मध्य चला ।
आया बिन पूछे मार्ग प्रदर्चन कर फिर अंर्तध्यान हुआ ।

चट दुरा भेद्य से पार हुआ, क्या थी न कृपा गज बैली में ।
जीवन की विड्डम पहेली में ।
——

अंतरा नंबर–6 में इस बात का वर्णन है कि मैं अस्पताल में भर्ती था ।
मेरे पास कोई सहायक नहीं था अचानक मेरे पिताश्री छबड़ा से वहाॅ पड़ुॅच गये और सभी दिनों तक मुझे सहारा देते रहे उसका वर्णन अपनी कविता में इस प्रकार किया है ।

पितु वचनों की सेवा तुमने की राज्य त्याग वन में जाकर ।
यहाॅ उलटी गंगा बहती है, पित वर से सेवा करवा कर ।
आदि–आदि

रचयिता भमंगल

रचनाकाल – दिनांक 20.10.54

भजीवन की विड्डम पहेली में'' – गुना हॉस्पिटल में भर्ती

1. परिलक्षित मंगल भानु रश्मि दुख दुराधर्ड्ढतम में होती ।
है उदर रोग तावरे साहब ने किस प्रदेय्य की जा सोची ।
भर्ती होने की बड़ी बड़ी कोच्चियें है निच्चि दिन भारी ।
करुणाकर की करणी असीम, जन प्रिय ने की आज्ञा जारी ।
होगा कल दिवस आपरेय्चन, भर्ती हो जाओ रखेली में । जीवन की विड्डम पहेली में ।

2. जीवन बदला, संसार नया, यह दृश्य न था जिसका की सपन ।
है एक हॉल, द्वादय्च पलंग ड़ौली बिस्तर जलके बरतन ।
मल मूत्र त्याग ओ पीक दान के डिब्बों का आवन जावन ।
रोगी कराहतें दम चलता खॉसी, नालों के पल क्रन्दन ।
ग्यारह नंबर की च्चैया ने कर लिया बिठा कर आलिंगन ।
पोच्चाक कैदियों सी पहनी, मंगल को हुआ आपरेय्चन ।
प्रतिकार नहीं आया मन में, देखा कटता खुद अपना तन ।
या तन की आज परीक्षा है भबोले कर लोगे कष्ट सहन
भय, आश्वासन, साहस ने मिल तन, सर ज्यों किया हथेली में । जीवन की..............

3. वापिस आया तन पीड़ित था, दो चीख मारना वहां पड़ी ।
यद्यपि साहस तो किया बहुत, वेदना किंतु अत्यन्त कड़ी ।
यदि हो, तो देखा नरक तुल्य यह रोष रव यहीं नसीब हुआ ।
या कारावास कहुँ तो फिर, परिणाम कौन करतूतों का ।
संतप्त हुआ हूॅ सभी भांति, जीवन चर्या अति मेली में । जीवन की................

4. वह समय नहीं भूलूंगा मैं, था किया दया का कोड्डदान ।
गौ, गर्भवती बछड़ी समेत, प्यासी सप्ताह भर रखे प्राण ।
मैं बृज रज में उन्मत्त वहां, गोंपाल यहां गोपाली थी ।
मैं भूला तुम रखते न याद, तो क्या वह बचनेवाली थी ।
है सत्य करी रक्षा, भारूहि के अण्डों की बृज केली ने । जीवन की................

5 निरजन वर्ड्ढा रजनी काली, सरिता, नाले, का तरुण नाद ।
सब ग्राम दूर उस पार खड़ा, घोड़े पर तुमको किया याद ।
दस मिनट बाद स्वर्गीय दूत, चरसा धर बैलों मध्य चला ।
आया बिन पूछे मार्ग प्रदर्च्चन कर फिर अर्न्तध्यान हुआ ।
चट दुरा भेध्य से पार हुआ, क्या थी न कृपा गज बेली में । जीवन की.............

6. पितु वचनों की सेवा तुमने की, राज्य त्याग वन में जाकर ।
यहां उलटी गंगा बहती है, पित वर से सेवा करवा कर ।
वह वरद हस्त फिर झुके ज़रा हृदय पसीज जावें फिर भी ।
हो जाऊॅ स्वस्थ भागे प्रमाद, तो भुला सकूॅ तुमको न कभी ।
यय्च वैभव सर्जन का चमके, ज्यों च्चरद चंद उजयेली में । जीवन की................

होली की महिला ;मुक्तकद्ध
रचयिता मंगल
रचनाकाल दिनांक 25.3.1986 भस्वर करुण स्वर

कितना प्यारा त्यौहार था होली ।
बालाओं के प्यार में भीगे हुए कोड़ों की मार ।
रंग और गुलाल के रूप में बरसता था प्यार ।
और बोली जाती थी मधुर–मधुर वेद मंत्रों की बोली ।
कितना प्यारा त्यौहार था होली ।

1. किन्तु ओ निठुरे, हिन्दु कहे जाने वाले आर्य वीर ।
तूने अब अपनी चैया के नीचे फिर खड़े कर लिये है तीर ।
अब पश्चिम और पूरब की गरम लू ।
जलाकर राख कर देने वाली बन चुकी है ।
वह पुरानी रंगीली चीतल समीर ।
अब देच और धर्म, भारतीय संस्कृति और आर्य कर्म ।
की रक्षा के झूठे अभिमान पर, आपसी सौहार्द के ।
स्थान पर अरे तूने अब तलवारें तौली घ
क्यों रंग गुलाल के मंच पर खेल रहा है अपने मां जाये भाईयों के खून से होली घ
यह कैसा बंधुत्व, कैसा विनोद, कैसा त्यौहार घ
और कैसी ठिठोली, जो पिचकारी के बजाये बंदूके बरसाती है गोली ।
बरसाती हैं गोली । वह कितना प्यारा त्यौहार था होली ।

2. श्याम ने राधा के अथवा राधा ने श्याम के ।
या बृजवासियों ने ही नहीं इस धरती के ।
सब बेटा बेटियों ने सदैव रसिकों के साथ ।
मिला मिलाकर छाती और हाथ ।
युगों युगों से होली पर की है ठिठोली,
बोल बोल रसीली बोली ।
आज तो मेरी ही नहीं मेरी सहस्त्रों बहिनों की मांग की पुंछ गयी है रोली ।
जिससे देख–देखकर ओ सिर फिरे दानवों ।
मानवों की आत्मायें भी रो ली ।
कितना प्यारा त्यौहार था होली ।

3. सभी प्रांतों और नगरों मे पहले भी मचती थी होली ।
और अभी मचाते है ।
गुजरात भुआ का पुतला जलाकर महाराष्ठ में होली के चारों और तलवारें घुमा–घुमा कर,
जैसे वीर मुक्तात्माओं को च्रांती पहुंचाते है ।
बरसाने और नंद गॉव में और सारे बृज में संगीत गुंजाकर
फगवें मांग, लाठियां नचाते गाते, ढप बजाते है ।
महावीर जी में रंग बिरंगी मीठी गालियां लाठिंया और बाड़मेर में तो छतों पर पत्थर
फेंक–फेंक कर भी आनंद लुटाते है ।
अरे बंगाल और राजस्थान में भड़कीली, चमकीली, हुड़दंगी पोच्याक पहनाकर रसिया की,
गधे पर सवारी भी सजाते है ।
पर हाय साथ ही आज मेरठ से पंजाब और पंजाब से काश्मीर ।
काश्मीर से असम और दिल्ली के दिल को भी चीर, इस मॉ के सीने पर जवान निरपराध
पुत्रों को दूध बजाय रक्त मिलाकर सुलाते है ।
अरे राक्षसों , तुमने राक्षसी और भयावनी बना दी मेरी रंगीनी चोली ।
कितना प्यारा त्यौहार था होली ।

4. अब गुरुद्वारों में होली पर चंदन नहीं ।
नहीं वहॉ रक्त और क्रंदन बहता है ।
पूजा के वस्त्रों का नहीं, च्रस्त्रों का अम्बार रहता है ।
ग्रंथियों और संतों के अंत होते है,
मात् विहीन होकर, इकलौते बच्चे भी भूखे प्यासे रोते है ।
च्रिष्यों में गुरु का सम्मान या ज्ञान नहीं है ।
अपने और पराये की पहचान नहीं है ।
च्रत्रुओं को मित्र और पूर्वजों से अब तक के मित्रों को च्रत्रु मानना क्या अज्ञान नहीं है ।
जिस धर्म के लिये गुरुजी ने दो लाड़लों को चिनाया दीवार में ।
गुरु तेगबहादुर च्रहीद हुए, कश्मीरी पंडित जब बह रहे थे विधर्म की धार में ।
अरे सच पूछो तो हमने अब गुरुजी की च्रान, मर्यादा और मान, त्याग, धैर्य उपकार,
धर्म और संस्कार सहानुभूति और दयानुभूति, सब की सब चुल्लू भर पानी में डुबोली ।
ऐसी मनाते है हम अब होली ।
कितना प्यारा त्यौहार था होली ।
बालाओं के प्यार में भीगे हुए कोड़ों की मार ।
रंग और गुलाल के रूप में बरसता था प्यार ।
और बोली जाती थी मधुर–मधुर वेद मंत्रों की बोली । कितना प्यारा त्यौहार था होली ।

भवोट की आत्मकथा
रचयिता भमंगल
रचनाकाल सन् 1986
भमेरा नाम है वोट

दुनिया में मेरी कहीं कीमत आंकी नहीं जा सकती । मेरा नाम है वोट ।

1. चाहे रूबल हो, क्वाचा हो, डालर हो, पौण्ड हो, या नोट ।
मूझे कौन नहीं जानता है, हिन्दु हो, मुस्लिम हो, इसाई या कोई हो ।
राजा हो, रंक हो, चोर हो, या साहूकार,चराबी, जुआरी, मूर्ख हो ।
या पंडित मेरी इज्जत को खूब मानता है ।
साधू हो या फकीर हो, गरीब हो, अमीर हो, लूला हो या लंगड़ा,
अंधा हो या बहरा स्वस्थ हो की रोगी, योगी हो कि भोगी ।
मरने ही वाला इो तो भी मुझे पहचानता है ।
मेरा नाम वोट है ।

2. पुरुङ्ख हो या महिला, बूढ़ा या जवान हो, दुबला हो छोटा हो,
अरे इतना अमीर मोटर हो, जिसके पांव में धूप में चलने से
फफ़ोले पड़ जाने का मुखोटा हो, वह भी मझे पाने की प्राण पण से ठानता है।
मेरा नाम वोट है ।

3. अंगूर को छीलकर खानेवालों, इन्सान को पचु से भी कम बतलानेवालों ।
मैं देवों का देव, मुझे पूजो और मनालो मेरा धर्म नहीं इमान नहीं ईश्वर ।
अल्लाह या भगवान नहीं
अरे तुममें से हर एक मेरी भीख मॉगता है मेरा नाम वोट है ।

4. मैं हॅसादूं, रुलादूं, मारदूं, जिलादूं, सिंहासन हिलादूं या
ताज पहिनादूं, चाहूं तो पालकी में बिठादूं
कभी जेल भी पहुंचादूं, इस पर भी मेरी कीमत क्या बता दूं ।
क्यो मुझे कोई केवल कागज़ का टुकड़ा मानता है ।
मेरा नाम वोट है ।

5. कसौटी में, एक्जामिनर हूं परीक्षक हूं ज्ञान का ।
बुद्धि की तुला हूं आपकी अकल की दुकान का ।
आप मुझे किसके नाम दोगे, लुटेरे को या त्यागी को ।
समाज सेवी इानी को या कसाई को, अनुरागी को ।
निरक्षर भट्टाचार्य को या डिग्रीधारी को, देच पर मिटनेवाले को ।

या गद्दार को, या अनाड़ी को, भाई को भतीजे को फूंफा या जीजे को ।
सजातीय, स्वधर्मी को, चरित्रवान या कुकर्मी को, मत देना चोर,
द्यूत कर्मी को, सट्टेबाज, मदिरा धर्मी को, मुड़कर न झाकनेवाले बेशर्मी को ।
अरे बचाना मेरी गरिमा की गरमी को मेरा नाम वोट है

6. मेरी ताकत से धनवान, कंगाल, निर्धन भी मालामाल हो उठता है,
गंगा उलटती है और हिमालय झुकता है, अरे कऊण्टिंग के समय तो ।
सूरज भी रिजल्ट सुनने को कुछ देर रुकता है, रात्री के तारे और चंद्रमां भी ।
मुझे जानता है मेरा नाम वोट है ।

7. वैसे मैं इतना रुमाल कि आप बना भी नहीं सकते, दस्ती रुमाल,
मुझे जलाओ तो सर्दी में हाथ नहीं सिकते, चाय मे मुझ से आता
नहीं उबाल, मैं खाने का न पीने का, जोड़ने का न सीने का ।
ओडने का न बिछाने का, और रिजल्ट के बाद तो कचरापात्र भी,
मुझे अपमानता है तो भी मेरा नाम वोट है ।

....

सर्वया बृज भाङ्का में
रचयिता मंगल
रचनाकाल सन् 1987

भकवि गोष्ठी पर उपस्थिति कम रहे तब
चंद छटा कुछ फीकी परी, जुगनु के प्रकाश भयो उजियारों ।
विद्धान को मान धरा में धस्यों अरु मूर्ख की शान को बाजे नगारो ।
उत नारी के नृत्य बरात जुरे, अरु नोटन को बहजात पनारो ।
साहित्य सभा जब जब्ब जुरे तब चार कवी अरु माईकवारों ।

हास्य चुटकुला

प्रेमी और प्रेमिका जब शौपिंग को निकले तो श्रीमती ने कमियों की मांग यूं बयान की ।
रचयिता मंगल
रचनाकाल सन् 1987
प्रेमी और प्रेमिका जब शौपिंग को निकले तो श्रीमती ने कमियों
की मांग यूं बयान की ।
मेरे पास साड़ी का बार्डर है साड़ी नहीं शीशी है इत्र का तो नाम और
निशान नहीं, अंगुटी है ऊंगली की, नेकलेस बिना जचती नहीं, पान है
शौक मगर घर में पान–दान नहीं ।
साहब ने फरमाया भई मेरी भी यहीं हालत है
मेरे पास जेब है मगर उसमें एक भी दाम नहीं है ।

रचयिता – भमंगल
रचनाकाल सन् 1952–53

पटवारी को चेतावनी
जागे पटवारी एक बार

झुक–झुक कर कमर झुकी तेरी अब तो कुछ सीने को उभार ।

1. सदियों से तू बदनाम रहा, केवल लिखना ही काम रहा ।
तनमन से सही गुलाम रहा अपने मुख दिये लगाम रहा ।
तो भी दुर्लभ आराम रहा, दयनीय दया अपनी निहार ।
जागे पटवारी एक बार

2. जीवन में जो त्रासक आये, वे खूब तपे या गरमायें ।
दिन रात काम ही काम लिया, कागज़ के बादल बरसाये ।
तेरे जीवन का किंतु कभी अध्ययन नहीं कर पाये ।
थोड़े वेतन में किस प्रकार पलते होंगे इसके कुमार ।
जागे पटवारी एक बार ।

3. तनख्वा कम तू ही लेता है हर चन्दा तू ही देता है ।
बेगारें तू ही सहता है, अनुचित आतंकित रहता है ।
पर मुख से कभी न कहता है, जग में तू ही इतना उदार ।
जागे पटवारी एक बार ।

4. अपनी हस्ती को भूल गया, तू है त्रासन का कर्ण धार ।
खाली रह जाये कोड्ड सभी, यदि तू रूठे बस एक बार ।
त्रासन की जड़ और बीज तू ही, युग–युग का सिंचक तू उदार ।
रे अन्नदान देता सबको, कायम कर रखे रोज़गार ।
बिना मांगे कभी न मिलता है, अपने ऊपर कुछ तो विचार ।

5. तू आग लगादें अम्बर में तूफानी त्रासन से टकरा ।
तेरी साधारण ठोकर से डोले पहाड़ हिल जाय धरा ।
त्रासन का आसन दहल उठे उस आत्म त्रक्ति को थाम जरा ।
अनुभव कर अपनी ताकत का जिससे अब तक संसार डरा ।
यदि हिम्मत से जो काम लिया, जीवन में आयेगा निखार ।
जागे पटवारी एक बार ।

6. क्यों बोल बंद रे बोल जरा जगती जागी तू सोया है ।
यह जन्म सिद्ध आज़ाद जीव, अनुचित बंधन में खोया है ।
स्वच्छन्द वीर राणा प्रताप की क्या ऐसी संतान हुआ ।
जो हीन अवस्था अपनी कर पूर्वज का नाम डुबोया है ।
कर सिंह नाद ललकार उसे, जिसने अधिकार सुखोया है ।
ताना त्राही का मद उतार । जागे पटवारी एक बार ।

7. उनको चपरासी सात–सात और जमादार भी है तैयार ।
तेरा सहना भी लिया, बना तेरे बस्ते का तू अधार ।
कर रहा सफल तू पैदल ही, ले सफर खर्च वे बेचुमार ।
क्यों इतना हिम्मत गया हार ।
जागे पटवारी एक बार

8. थक गयी कलम या जुबां सिली जो रहता व्याकुल निराधार ।
कर आज प्रतिज्ञा तन–मन से, मौका है आज सुनहरी यह ।
हो जा तैयार बढ़ जा आगे रखदें मांगे कुछ मूंह से कह ।
हर समय गलत आज्ञाओं की तकलीफों को अब तो मत सह ।
देखना फिसलते मत जाना, कहता हूँ तुझ से बार–बार
जागे पटवारी एक बार

रचयिता – भमंगल
रचनाकाल चाहबाद सन् 1961
युवक को चेतावनी

1. चान प्रतिभावान या अभिमान तू है । इस पुनीत वसुन्धरा का मान तू है ।
आज उस पावन दिवस को हम मनाते यूं जवानी,
गर्भ में जिसके छिपीं लाखों अमर जीवन कहानी ।
हो गये बलिदान वे पर दे गये अविचल निचानी ।
खून की गाढ़ी कमाई मन लुटा, रख सावधानी ।
घात में है अब लुटेरे कोङ्ख का दरबान तू है ।
इस पुनीत वसुन्धरा का मान तू है ।

2. रे, प्रताब चिवा, तिलक, बापू सभी तुझको निहारे ।
स्वर्ग से भी झाँकते है रात दिन आंखें पसारे ।
कामना उनकी वहीं जिसके लिए सर्वस्व हारे ।
पुण्य भू खण्डित हूई पर लाज अब तेरे सहारे ।
स्मरण देता चुनौती विजय का सामान तू है ।
इस पुनीत वसुन्धरा का मान तू है ।

3. तू न कायर बन तेरे प्रति रोम बल सागर भरा है ।
साक्षी उत्साहले इतिहास तुझसे कह रहा है ।
तेरी ताकत से हमेचा विश्व विजयी भी डरा है ।
आज क्यों जननी लुटी जाती अखण्ड वसुन्धरा है ।
तू न केवल है जवानी, चक्ति तूफान तू है ।
इस पुनीत वसुन्धरा का मान तू है ।

4. त्याग अब आराम कर संकल्प कदमों को बढ़ा दें ।
मार्ग के तूफान पर्वत कुचल सागर में बहा दें ।
दुश्मनों के एक ही ललकार में इक्के छुडा दें ।
दुम दबाकर भाग जायेंगे जरा कौतुक दिखा दें
चरण चूमेगी, विजय के कण्ठ का मृदु गान तू है । इस पुनीत वसुन्धरा का मान तू है ।

रचयिता – ''मंगल''
रचना काल – दिनांक 27.1.1984
राष्ठीय रचना

श्वेत वृङ्खभ बन जाय भेड़िया वह खूंखार नहीं तो क्या है ।
जिसे देच से प्यार नहीं है वह गद्दार नहीं तो क्या है ।

1. चुनाव के वादों में भू–पर राम राज्य का चित्र दिखाया ।
